कार्यालयः प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, भोजपुर, मुरादाबाद।

दिनांकः 26.07.2023

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं के लिये आवश्यक निर्देश

1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि 31.07.2023 की अपरान्ह 4:00 बजे तक महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश फार्म महाविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेगें।
2. महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये प्रवेश फार्म के अनुसार महाविद्यालय में दिनांक 02.08.2023 को मेरिट तैयार की जायेगी। मेरिट दिनांक 02.08.2023 की अपरान्हन 01:00 बजे के पश्चात महाविद्यालय की बेवसाइट व महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।
3. मेरिट लिस्ट में आये छात्र/छात्राओं को प्रवेश हेतु निर्धारित तिथियों पर प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक मूल प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय की प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा एवं प्रवेश हेतु पूर्व में जमा किये गये प्रपत्र की जॉच करानी होगी।
4. समिति के द्वारा छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु लगाये गये प्रपत्र की जॉच पूर्ण कर लिये जाने एवं विषयों के आबटन के उपरान्त ही छात्र/छात्राओं को आन लाइन माध्यम से महाविद्यालय का शुल्क जमा कराना होगा एवं अधिकतम अगले 01 कार्य दिवस में शुल्क जमा की रसीद व आन लाइन एण्टी रैगिंग सम्बधी फार्म महाविद्यालय कार्यालय में जमा करने के उपरान्त ही छात्र/छात्राओं का प्रवेश कन्फर्म होगा।
5. छात्र/छात्राओं को एक वार विषय आबंटन के उपरान्त कोई भी परिर्वतन नही किया जायेगा।
6. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि 18.08.2023 को प्रवेश हेतु लगाये गये प्रपत्रों की जॉच के उपरान्त अपरान्ह 4:00 बजे तक ही शुल्क जमा करके शुल्क जमा की रसीद व आन लाइन एण्टी रैगिग सम्बधी फार्म महाविद्यालय कार्यालय में जमा करने के उपरान्त ही छात्र/छात्राओं का प्रवेश कन्फर्म होगा।
7. एण्टी रैगिग सम्बधी फार्म एवं शुल्क रसीद महाविद्यालय कार्यालय में जमा न करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश कन्फर्म नही माना जायेगा।
8. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्नातक प्रथम वर्ष में सभी प्रवेश नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार दिए जाएगें जिसके अनुसार विषयों का चयन प्रवेश समिति के समक्ष करना होगा।
9. विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमानुसार प्रभावी रहेगा।

प्रपत्र जो प्रवेश के समय फार्म के साथ लगाये गये है,उनका विवरण निम्नवत् है।

- विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर ऑनलाइन किया हुआ प्रवेश पंजीकरण फार्म मूल रूप में।
- हाईस्कूल का अकंपत्र एवं प्रमाण पत्र या सह–अकंपत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति।
- इण्टर का अकंपत्र एवं प्रमाण पत्र या सह–अंकपत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति। इण्टर की मार्कशीट न होने की दशा में सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित आनलाइन मार्कशीट।
- जाति प्रमाण पत्र/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) का प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति। (यदि लागू हो तो)
- गैप होने पर महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध अडर–टेंकिग। (यदि लागू हो तो)
- जिन छात्र/छात्राओं का गैप है के गैप की अवधि का चरित्र प्रमाण पत्र किसी राजपत्रित अधिकारी से बनवाकर लाएगें, जो मूल रूप में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा।(यदि लागू हो तो)
- आधार की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
- टी0सी0 एवं सी0सी0 मूल रूप में (मेरिट में नाम आने पर प्रवेश के समय) एवं एक स्व प्रमाणित छायापति।
- विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करते समय भारांक भरने पर भारांक से सम्बधित प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छायाप्रति।(यदि लागू हो तो)
- दिव्यांगता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्बधी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।(यदि लागू हो तो)

प्रवेश समन्वयक

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,भोजपुर,
मुरादाबाद (उ0प्र0)

PRINCIPAL
GOVT. DEGREE COLLEGE
BHOJPUR, MORADABAD